**Volume No: - 27**
**Year: - 04/ 2025**

# MONTHLY REPORT APRIL 2025

**-: PREPARED BY: -**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो**
**NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU**
(GOVT. REGD. 483/2017, INCORPORATED UNDER THE LEGISLATION OF GOVT. OF INDIA, I.T.A. - 1882)
REGD. NITI AAYOG (GOVT. OF INDIA), UNITED NATION (UNDESA) | AN ISO 9001:2015 CERTIFIED ORGANIZATION
A NON. GOVT. ORGANIZATION WORKING FOR THE PROTECTION & PROMOTION OF HUMAN RIGHTS

**Web: - www.nhrccb.org Email: - nhrccb@gmail.com Helpline: - 9102224365**

# TABLE OF CONTENTS


| Sl.No. | Contents | Page No |
|---|---|---|
| 01. | National President's Message | 3 |
| 02. | About NHRCCB | 4 |
| 03. | Aims and Objective of NHRCCB | 5-7 |
| 04. | Our Team Strength | 8 |
| 05. | Monthly Report Of the Month April, 2025. | 9-21 |



## माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश......

मानवाधिकार मनुष्य के मूलभूत अधिकारों का समावेश है । मानव अधिकार की रक्षा हेतु सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्तायों की भूमिका सराहनीय होती है। भारत में मानवाधिकार के रक्षा एवं प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग , राज्य मानवाधिकार आयोग एवं सैकड़ों की संख्या में ग़ैर सरकारी संगठन कार्यरत हैं । विभिन्न सामूहिक प्रयासों के कारण पिछले एक दशक में मानवाधिकार के प्रति जन जागरूकता एवं संवेदनशीलता आम जन मानस में बढ़ी है ।

इसी कड़ी में वर्ष 2017 से समाज के निचले पायदान पर खड़े आम जनमानस के मानवाधिकार की रक्षा एवं जागरूकता हेतु एनएचआरसीबी बतौर ग़ैर सरकारी संगठन कृत - संकल्पित है । भारत के हज़ारो स्वयसेवकों/सदस्यों एवं पदाधिकारियो के बदौलत एनएचआर सी सी बी एक मजबूत पहचान बना चुकी है । समाज के हज़ारो लाखों वंचितों एवं पीड़ितों की आवाज बन कर उनके अधिकारो की रक्षा हेतु समर्पित है ।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में एन एच आर सी सी बी के सदस्यों द्वारा किये जा रहे गतिविधियों की मासिक रिपोर्ट "अप्रैल माह " की सॉफ्ट कॉपी प्रकाशित की जा रही है ।

इस माह जिला कैथल, हरियाणा में क्राइम ब्रांच के तत्वाधान में बच्ची का रेस्क्यू, पर्यावरण दिवस पर संपूर्ण भारत में जागरूकता एवं पौधा रोपण, भारतीय पुलिस अधिनियम पर राष्ट्रीय वेबिनार, असम राज्य में साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता, राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम एवं नेत्र जांच शिविर जैसे महत्वपूर्ण आयोजन हुई है।

यह रिपोर्ट संस्था के हज़ारो साथियों को नई ऊर्जा एवं जुनून देने की कार्य करेगी एवं संस्था के प्रति उनके समर्पण की भावना को मजबूत करेगी ।

एन एच आर सी सी बी के समस्त साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।

(डॉ. रणधीर कुमार )

# ABOUT NHRCCB

## NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU

National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) is a Non-Profit Organization or Voluntary Organization Incorporated under the Legislation Government of India. Registered in 2017 under Indian Trust Act- 1882 Government of India with Reg. No 483/2017. Registered with NITI AAYOG, Government of India, United Nation Department of Economics and Social Affairs, United Nation, 12A & 80G Under Department of Income Tax, Ministry of Finance Government of India and CSR1 Under Ministry of Corporate Affairs, Government of India.

## PROTECTING HUMAN RIGHTS UNDER

- Human Rights Protection Act 1993.
- Universal Deceleration of Human Rights adopted by the United Nations in 1948.
- Protecting Under Human Rights both at individual and Communal Level.
- Protecting Women Rights for curbing the gender inequality across the nation.
- Protection Child Rights and Promoting education for all
- Keeping a check on criminal motivation across the country.
- Helping all the administrative bodies in order to propagate communal harmony.

## NHRCCB REGISTARTION AND AFFILATION

- Registered under the Indian Trust Act 1882 Government of India in 2017.
- Regd. Under NITI Aayog, Government of India (NGO Darpan)
- Regd. Under Ministry of Women and Child Development, Government of India,
- Regd. Under United Nations (UNDESA).
- Regd. under 12A&80G by Income Tax Department, Ministry of Finance, Government of India.
- AN ISO 9001:2015 Certified Organisation.

## PLEDGE CERTIFICATE FROM

- National Human Rights Commission, Government of India.
- Central Vigilance Commission, Government of India.
- National Commission for Women, Government of India.
- National Commission for Protection of Child Rights, Government of India

## AIMS & OBJECTIVES OF NHRCCB

### (NHRCCB WAS ESTABLISHED ON 07 NOVEMBER 2017 WITH THE FOLLOWING AIMS& OBJECTIVES)

1. According to the Human Rights Protection Act 1993, the Government of India, to work for the promotion and protection of human rights.
2. Organizing various camps, seminars, workshops, conferences etc. for awareness among Citizens about human rights.
3. To cooperate and encourage non-governmental organizations and educational institutions working in the field of human rights.
4. To build and operate educational institutions in the field of human rights.
5. To work together and in cooperation with the government for the protection of Human Rights and crime control.
6. National Human Rights Commission / State Human Rights Commission / National Commission for Women / State Commission for Women / National Commission for Protection of Child Rights / State Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Scheduled Castes /State Scheduled Castes on receipt of complaints on issues like human rights abuses To Provide justice to the victim through the Tribal Commission / Central Government / State Government / District Administration / Police Administration and other constitutional Institutions.
7. To file a petition in the court in human rights violations cases and get justice to the victim through the court.
8. To work together with the Central Government / State Government and local government - administration for the protection and promotion of human rights.

9. According to the United Nations Human Rights Act 1948, to make citizens aware of human rights and work to protect the rights of citizens.

10. To promote and propagate the fundamental rights (right to equality, right to freedom, Right against exploitation, right to freedom of religion, culture and education, right to Property and constitutional remedies) given by the Indian Constitution and every Indian citizen To work for the attainment of fundamental rights.

11. To organize workshops, seminars, awareness programs on crime control.

12. Governance for Corruption Free India – Working together with the administration to Control corruption.

13. To protect the Child Rights Protection Act and work for prevention of child marriage, child violence, child labour, child trafficking.

14. To work for publicity and awareness of Right to Information (RTI) Act.

15. Getting information through RTI and taking action against the corrupt.

16. Fighting the rights of doctors, lawyers, journalists etc. in a constitutional way by creating Various cells / units.

17. To run awareness campaign related to cyber-crime prevention and to cooperate with the administration for prevention.

18. Governance - To help the administration to curb the misuse of government posts and Government machinery.

19. To work for the rights of the prisoners (prisoners) and to provide them legal aid and Guidance.

20. To cooperate with the police administration regarding crime control and mutual harmony, goodwill and peace.

21. Public Grievance Redressal Centre, Crime and Corruption Investigation, Crime Investigation and Research Service, Security and Intelligence Service, Media Information, Education and Law, Civil Defence, Journalism and Journalist Defence, Right to Information, Human Rights, Child Rights, Detective Services Setting up and providing security.

22. To promote various schemes run by the government and to benefit the citizens.

23. To cooperate and work together in various programs by the units of the district / state /Centre.

24. To settle the cases by organizing Lok Adalats after permission from time to time.
25. To make women aware of women's rights and work for their participation in the system.
26. To make women aware and work to curb women violence.
27. Governance for women's rights and women's safety - Working together with the Administration.
28. To honor the outstanding talents of the society from time to time and provide them Platforms.
29. Helping the administration by running an awareness campaign for serious issues like Human trafficking.
30. To run an awareness campaign to curb discrimination on the basis of caste, class, Community, race, sex, color.
31. To organize awareness camps on evil practices like dowry bonded labor etc. and work to stop such incidents through the concerned government institutions and courts.
32. Organizing camps like medical camps, blood donation camps, eye camps etc.
33. After receiving the complaint, after the permission of the government institutions, to take the problems of the citizens to the administration and make efforts to solve the problem.
34. Establishment and operation of Old Age Home, Health Centre, Nari Shakti Kendra, Child Improvement Centre, Hospital. Etc

# OUR STRENGTH

- **70+ NATIONAL TEAM OFFICER**
- **500+ STATE TEAM OFFICER**
- **400+ DIVISION TEAM OFFICER**
- **3500+ DIST TEAM OFFICER**
- **4500+ BLOCK TEAM OFFICER**
- **10000+ ACTIVE MEMBER**
- **15000+ VOLUNTEER**

# Monthly Activity Report for April, 2025


**Date 01.04.2025**



एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ टीम के राज्य सम्मेलन हेतु ऑनलाइन वेबिनार मीटिंग संपन्न

भास्कर दूत (ब्यूरो)

जांजगीर चांपा। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ के राज्य सम्मेलन की तिथि फाइनल हुई है साथ ही जगह भी तय किया गया और कार्यक्रम में होने वो समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गई। ऑनलाइन मीटिंग का संचालन ब्यूरो के बस्तर संभाग अध्यक्षजगमोहण सोनी द्वारा किया गया जिसमें समस्त जानकारी से अवगत कराया और समस्त पदाधिकारी सदस्य एवं वालिंटियर से राय भी जानी उनके सुझाव लिए गए जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ हरिहर पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष सरस्वती पटनायक संभाग महासचिव ललित बरेठ रायगढ़ जिला अध्यक्ष पूनम द्विवेदी बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष लाभों कुमार जिला महासचिव विजय कुमार यादव जिला सह सचिव कुलवंत सिंह जब्बल वालिंटियर विनोद डडसेना ने पानी बाते रखी और सुझाव दिए। मीटिंग की ... के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने जानकारी देते कहा कि इस ... कार्यक्रम भव्य होना है और टीम के सम्मान की बात है आप है तो टीम है इसलिए राज्य सम्मेलन 15 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य का समय तय करते आज कल में ही बता दिया जाएगा और अन्य रूपरेखा तैयार है इसमें आप अब अपना कार्यक्रम समझते सहयोग करे। कार्यक्रम में आए अभी का सम्मान होगा बेहतर कार्य किए को विशेष सम्मान मिलेगा और जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए उन्हें अवॉर्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार रहेंगे। साथ ही अन्य शासनिक प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। हमेशा ब्यूरो के लिए समय सम पर जानकारी और प्रशिक्षण देने प्रयासरत हमारे राष्ट्रीय को ऑर्डिनेटर श्री प्रभात मिश्रा भी विशिष्ट अतिथि में शामिल होंगे। आज से कार्यक्रम तक जिन सदस्यों द्वारा बेहतर प्रदर्शन हो उन्हें लीडर कैप दी जाएगी। यह कार्यक्रम शानदार रहेगा हम सब का प्रयास होना चाहिए।



जांजगीर चांपा ( महाकोशल )। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ के राज्य सम्मेलन की तिथि फाइनल हुई है साथ ही जगह भी तय किया गया और कार्यक्रम में होने वो समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गई। ऑनलाइन मीटिंग का संचालन ब्यूरो के बस्तर संभाग अध्यक्षजगमोहण सोनी द्वारा किया गया जिसमें समस्त जानकारी से अवगत कराया और समस्त पदाधिकारी सदस्य एवं वालिंटियर से राय भी जानी उनके सुझाव लिए गए।

जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ हरिहर पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष सरस्वती पटनायक संभाग महासचिव ललित बरेठ रायगढ़ जिला अध्यक्ष पूनम द्विवेदी बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष लाभों कुमार जिला महासचिव विजय कुमार यादव जिला सह सचिव कुलवंत सिंह जब्बल वालिंटियर विनोद डडसेना ने पानी बाते रखी और सुझाव दिए। मीटिंग की समस्त रूपरेखा और जानकारी ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने जानकारी देते कहा कि इस बार का कार्यक्रम भव्य होना है और टीम के सम्मान की बात है आप है तो टीम है इसलिए राज्य सम्मेलन 15 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य का समय तय करते आज कल में ही बता दिया जाएगा और अन्य रूपरेखा तैयार है इसमें आप अब अपना कार्यक्रम समझते सहयोग करे।

कार्यक्रम में आए अभी का सम्मान होगा बेहतर कार्य किए को विशेष सम्मान मिलेगा और जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए उन्हें अवॉर्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार रहेंगे। साथ ही अन्य शासनिक प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। हमेशा ब्यूरो के लिए समय

**Date 02.04.2025**

**रांची , झारखंड, जिला अध्यक्ष, श्री विनयलाल गुप्ता जी के नेतृत्व में प्रकृति पर्व सरहूल के सुअवसर पर स्वागत शिविर लगाया गया एवं श्रद्धालुओं को चना, गुड पानी एवं अन्य सामग्री का व्यवस्था किया गया।**




**Date 03.04.2025**

Assam Team Activity



शुक्रवार
12 जुलाई24

सूर्योदय समाचार
निर्भीक व निष्पक्ष खबर

सुविचार -
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

वर्ष - प्रथम | अंक 66 | पृष्ठ 03 — संपादक :- बी .एम. भारद्वाज , सह संपादक :- अशोक द्विवेदी

**बोकाखात के बंकोवाल अंचल में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार कानू ने टूटे तटबंध का लिया जायजा**

एनएचआरसीसीबी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार कानू जी ने आज दिनांक 08/07/24 सोमवार को बोकाखात अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उफनते ब्रह्मपुत्र नदी के पानी से आई महुरामुख के बंकोवाल अंचल में आई प्रलयंकारी बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की।

बाढ़ के कारण यहां बने तटबंध के टूट जाने से पानी में डूब चुके प्रायः 72 गांवों की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही बंकोवाल में टूटे तटबंध का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आश्रय लिए हुए बाढ़ पीड़ितों की सभी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की।कानू जी ने बताया कि समूचे राज्य की बाढ़ परिस्थिति के साथ ही बंकोवाल में तटबंध टूटने से प्रायः 72 गांव पानी में डूब चुके है।उक्त तटबंध के टूटने से ग्रामीणों को जिस प्रकार मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। उसका क्रमानुसार निराकरण करने के लिए सीएमओ कोपत्र भी लिखने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने अपनी टीम के साथ *200 बाढ़ पीड़ित घरों को सहायता सामग्री उपलब्ध करवाई।* वहीं दूसरी तरफ उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में भी आई बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी लेने की बात कही। क्योंकि काजीरंगा मिहिमुख अंचल पूरी तरह पानी में डूब चुका है। *बाढ़ पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो की इस सहायता कैंप की सराहना करते हुवे जानकारी दी की बहुत से NGO ने सहायता कैंप किया है परंतु आप के NGO जैसा कोई अभी तक नही आया।* कानू जी ने इस कैंप को सफल बनाने का श्रेय प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता,प्रदेश सचिव गुड्डू प्रसाद वर्मा तथा बोकाखात ब्लॉक अध्यक्ष रातुल दास जी को देते हुवे सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता,प्रदेश सचिव गुड्डू प्रसाद वर्मा,गोलाघाट संभागीय अध्यक्ष राज कुमार मोर,जिला सचिव मोयुराखी कोलिता,जिला उपाध्यक्ष ईशान मोर,बोकाखाट ब्लॉक अध्यक्ष रातुल दास और सुशीला सिंह तथा सक्रिय सदस्य सुमित बनिक,ज्योतिका दुवारह, राखी सिंह,कुसुम मिश्रा, मीना जैशवाल,संगीता जैशवाल उपस्थित रहें।

**Date 03.04.2025**

**आज राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो की ओर से हमने एक वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें डिप्टी डायरेक्टर झारिया जी का सम्मान किया गया। उन्होंने हमें कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित किया और एक अच्छी सोच के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं। न्होंने कहा कि सभी को निस्वार्थ सेवा के लिए जागरूक होना चाहिए। इसके अलावा, डॉक्टर चौधरी जी ने प्राथमिक चिकित्सा और बेज़ुबानों की सेवा के बारे में जानकारी दी और हमें छोटी-छोटी बातों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को कैसे टीकाकरण किया जाता है, कितनी दवाई देनी चाहिए, और साफ-सफाई कैसे करनी चाहिए। स कार्यक्रम में डॉक्टर सर ने कहा कि आप सभी अपना समय निकालकर आकर हमसे सीख सकते हैं, जो कि बहुत खुशी की बात है। हमने हर क्षेत्र में एक छोटी सी कोशिश करने के लिए जिम्मेदारी उठाई है, ताकि हम सभी की सेवा कर सकें। प्राथमिक चिकित्सा सीखने के बाद, हम कुछ पल के लिए उन्हें सुरक्षित रख सकते हैं और अपने आसपास के डॉक्टर से संपर्क करके उनका इलाज करवा सकते हैं। ज के कार्यक्रम में रवि द्विवेदी जी, सुरेश शर्मा जी, और विनोद डनसेना जी का विशेष योगदान रहा। सभी ने इस पहल की खूब सराहना की।**




**Date 05.04.2025**



**राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के तत्वावधान में आयोजित टेनिस क्रिकेट मैच गांव बुड़ेना ब्लॉक नवागढ़ में हमारे संभाग अध्यक्ष श्री विष्णु अवतार कश्यप, संरक्षक श्री महेंद्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजकुमार साहू, जिला**

**महासचिव श्री विजय कुमार यादव, संभागीय महासचिव ललित बरेठ, उप सरपंच श्री सुनील सिंह राणा, खाद्य सोसायटी के श्री क्रांति सिंह, नूतेंद्र सिंह चंदेल, एक्टिव सदस्य अतुल यादव, वॉलिंटियर खगेश श्रीवास एवं समस्त खिलाड़ी व पंचायत सदस्यों ने मानव अधिकार प्रचार-प्रसार किया। समस्त खिलाड़ियों को मानव अधिकार के बारे में बताया गया। इसी कार्यक्रम के तत्वावधान में निशा यादव ने अपने मानव अधिकार के कार्य को दोहराकर, जो हमारे मानव अधिकार के प्रति निशुल्क कार्य करते हैं, उनके बारे में जानकर समस्त ग्रामीण वासी एवं अतिथियों ने मानव अधिकार की सराहना की।**

**Date 06.04.2025**

**एनएचआरसीसीबी हरियाणा** (**अंबाला,** 6 **अप्रैल** 2025) **गतिविधियां: एनएचआरसीसीबी हरियाणा की अंबाला जिला टीम ने एक मुफ्त आंखों का चेकअप कैंप लगवाया, जिसमें** 70 **मरीजों की आंखें चेक की गईं और मुफ्त दवाई वितरण किया गया। मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी मुफ्त किए जाएंगे। इस कैंप में डॉ. संदीप भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनएचआरसीसीबी अंबाला मंडल के संरक्षक एवं प्रधान सर्वहित स्वास्थ्य समिति अंबाला, योगेश्वर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, मंडल अंबाला के महासचिव, हरियाणा प्रदेश एनएचआरसीसीबी के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट अमरनाथ एवं महासचिव स्वहित स्वास्थ्य समिति अंबाला, राजिंदर सैनी, जिला अंबाला महासचिव, उपस्थित थे। कैंप में आए लोगों को मानवाधिकार के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में** 70 **से अधिक मरीजों की आंखों की जांच संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सैंटर मॉडल टाउन अंबाला से आई तकनीकी टीम द्वारा की गई, जिसमें** 8 **केस मोतियाबिंद के पाए गए जिनके आंखों का ऑपरेशन संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सैंटर अंबाला में मुफ्त किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. संदीप भारद्वाज ने एक्यूप्रेशर द्वारा कैंप में आए मरीजों की नाड़ी जांच करके उनका उपचार किया। डॉक्टर राजिंदर सैनी द्वारा सारे शरीर की जांच करके उन्हें खानपान के बारे में जागरूक किया गया।**



**Date 08.04.2025**



## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के टीम द्वारा नवपदस्थापित थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

जमुई/पटना : राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार के श्री सदानन्द प्रसाद सिंह एवं बलॉक मीडिया ऑफिसर प्रखण्ड – सोनो के श्री सुनिल यादव के द्वारा नवपदस्थापित थाना प्रभारी बटिया को भगवान शिव और माता पार्वती का बेहद खुबसुरत छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया, बटिया के नवपदस्थापित थाना प्रभारी आदरणीया सुजाता कुमारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के टीम को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देकर उनके द्वारा आभिवादन किया गया। टीम के द्वारा भी उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का फाइल फोटो

**Date 09.04.2025**

**राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो रायगढ़ जिला अध्यक्षा श्रीमती पूनम द्विवेदी जी के नेतृत्व में ग्राम आमगांव विकासखंड तमनार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत चुनाव के बाद चुने गए पंच सरपंच एवं ग्रामवासियों को मानव अधिकारों और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:- मानव अधिकारों की जानकारी: श्री धर्मेश तोमर ने ग्रामवासियों को मानव अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।- ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव*: ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया और इससे बचाव के तरीके बताए गए।- पशु रख रखाव और खानपान: वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी श्री बी पी सिदार सर ने पशुओं के रख रखाव और खानपान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।- ग्रामीणों का धन्यवाद*: कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मानव अधिकारों और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक करना और पशुओं के रख रखाव में सुधार करना था। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है .**



**Date 10.04.2025**



**आज दिनांक 10/04/25 को जिला अध्यक्षा, श्रीमती पूनम द्विवेदी के मार्गदर्शन में ग्राम जांजगीर विकासखंड तमनार में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिला रायगढ़ के सक्रिय सदस्य श्री धर्मेश सिंह तोमर द्वारा नव निर्वाचित पंच, सरपंच, मितानिन,ग्रामवासियों को मानव अधिकारों , महिला उत्पीड़न एवं ऑन लाइन फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस जानकारी हेतु ग्रामवासियों एवं पदाधिकारियों द्वारा धर्मेश सिंह तोमर का उत्साहपूर्वक धन्यवाद दिया एवं पुनः एक बृहद सम्मेलन करने हेतु निवेदन किया गया।**

**Date 11.04.2025**



**बेटी के तौर पर कलायत से पहली बार पार्षद निर्वाचित हुईं रेणू धानियां का कैथल में किया अभिनंदन**

**फास्ट मीडिया, कलायत संवाददाता।** देश की आजादी के बाद कलायत नगर पालिका से पहली बार बेटी के रूप में पार्षद निर्वाचित हुई एमएससी छात्रा रेणू धानियां का कैथल में विभिन्न संगठनों ने पुरजोर अभिनंदन किया। हुडा सेक्टर 20 में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनैतिक जागरूकता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो करनाल मंडल प्रधान जितेंद्र बंसल की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में नव निर्वाचित पार्षद को सम्मान के पलक पर बैठाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र धानियां, सरदार जितेंद्र सिंह सांघण, रमन कौर, जिला उपायुक्त कार्यालय अधीक्षक शीला देवी, प्रवीण सरीन, रेखा रानी, महेश पाटिल, मोनिका सिंह, सुनीता रानी, सुधीर कुमार, नीलम धानियां, मधू, सुनील राठी, सोनियां और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जितेंद्र बंसल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा की धरती पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की इस सोच को मजबूत देने के लिए अब बहु-बेटियों की हर क्षेत्र में सक्रियता जरूरी है। बड़ा हर्ष का विषय है कि जिस कलायत की कभी शिक्षा की दृष्टि से मेवात के साथ गणना होती थी वह क्षेत्र अब महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनैतिक रूप से सक्रिय प्रतिनिधित्व देने में रुचि ले रहा है। हर हर किसी के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। सरदार जितेंद्र सांघण और महेश पाटिल ने कहा कि महिलाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका के लिए ही ग्राम पंचायतों में 50 प्रतिशत और लोकसभा-विधानसभा में इस वर्ग को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास जारी हैं। इससे महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ राजनीति में अग्रणी होकर अपनी काबिलियत का परिचय देंगी। महेंद्र धानियां ने कहा कि हर क्षेत्र में खास तरह की उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मान देने की दिशा में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो विशेष कदम उठा रहा है। इससे होनहारों का उत्साह एवं उमंग बढ़ता है। इतना ही नहीं नागरिकों में मेलजोल की भावना विकसित होती है।



**कलायत से पहली बार पार्षद निर्वाचित हुए रेणू धानियां का नागरिक अभिनंदन**

कलायत, 10 अप्रैल (बीरभान निर्मल): कलायत नगर पालिका से पहली बार बेटी के रूप में पार्षद निर्वाचित हुई एमएससी छात्रा रेणू धानियां का कैथल में विभिन्न संगठनों ने पुरजोर अभिनंदन किया। हुडा सेक्टर 20 में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनैतिक जागरूकता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो करनाल मंडल प्रधान जितेंद्र बंसल की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में नव निर्वाचित पार्षद को सम्मान के पलक पर बैठाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र धानियां, सरदार जितेंद्र सिंह सांघण, रमन कौर, जिला उपायुक्त कार्यालय अधीक्षक शीला देवी, प्रवीण सरीन, रेखा रानी, महेश पाटिल, मोनिका सिंह, सुनीता रानी, सुधीर कुमार, नीलम धानियां, मधू, सुनील राठी, सोनियां और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जितेंद्र बंसल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा की धरती पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की इस सोच को मजबूत देने के लिए अब बहु-बेटियों की हर क्षेत्र में सक्रियता जरूरी है। सरदार जितेंद्र सांघण और महेश पाटिल ने कहा कि महिलाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका के लिए ही ग्राम पंचायतों में 50 प्रतिशत और लोकसभा-विधानसभा में इस वर्ग को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास जारी हैं। इससे महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ राजनीति में अग्रणी होकर अपनी काबिलियत का परिचय देंगी। महेंद्र धानियां ने कहा कि हर क्षेत्र में खास तरह की उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मान देने की दिशा में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो विशेष कदम उठा रहा है।

कलायत : पार्षद रेणू धानियां का भव्य अभिनंदन करते हुए। (छाया : निर्मल)

**Date 12.04.2025**

## Date 13.04.2025




**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो** (NHRCCB) **के पदाधिकारियों ने बायोमेडिका हेल्थ केयर दुखेड़ी में एक आंखों का फ्री चेकअप कैंप आयोजित किया। इस कैंप में** 47 **लोगों की आंखों की जांच की गई और जिन मरीजों में मोतिया पाया गया, उनके ऑपरेशन संजीवनी आई केयर एंड मेडिकेयर सैंटर अंबाला में निशुल्क किए जाएंगे।** NHRCCB **अंबाला की टीम इस प्रक्रिया में सहयोग करेगी। यह आयोजन सर्वहित स्वास्थय समिति के सौजन्य से हुआ।** NHRCCB **के ऐसे आयोजनों से समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है। उनके प्रयासों से लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यदि आप** NHRCCB **के बारे में अधिक जानना चाहते हैं या उनके आयोजनों में भाग लेना चाहते हैं, तो आप उनसे संपर्क कर सकते हैं**

## Date 14.04.2025




**बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो बिहार टीम द्वारा आयोजित समारोह में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लिया :- प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सदानंद प्रसाद सिंह - प्रखंड अध्यक्ष: अरविंद यादव सोनो - प्रखंड उपाध्यक्ष: प्रकाश शाह सोनो- *एक्टिव मेंबर*: बबलू सिंह इस अवसर पर, टीम ने बाबा साहब के**

योगदान और उनके द्वारा स्थापित संविधान के महत्व पर चर्चा की। अंबेडकर जयंती हर साल 14 अप्रैल को मनाई जाती है, जो उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। इस दिन को सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनकी लड़ाई को याद करने के लिए मनाया जाता है। बाबा साहब के जीवन और कार्यों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें शामिल हैं [1]: - भाषण और चर्चा: उनके जीवन और कार्यों पर चर्चा करना - सांस्कृतिक कार्यक्रम: उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को प्रदर्शित करना - श्रद्धांजलि: उनकी प्रतिमा या स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित करना इस अवसर पर, टीम ने बाबा साहब के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## Date 15.04.2025



तमनार में भीमराव आंबेडकर जयंती का आयोजन

तमनार (दैनिक रायगढ़ अंचल) 15 अप्रेल 2025. दिनांक 14 अप्रैल 2025 को तमनार के गारे गांव में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर जतिंदर पाल सिंह के मार्गदर्शन में भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समारोह में गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामवासियों ने भाग लिया।

समारोह का उद्घाटन करते हुए प्रफुल्ल कुमार पटनायक ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डाक्टर अंबेडकर भारत के प्रसिद्ध विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और अर्थशास्त्री थे। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त अभियान चलाया और किसानों, महिलाओं तथा श्रमिकों के अधिकारों की हिफाजत के लिए संघर्ष किया। प्रफुल्ल ने बताया कि अंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने और भारतीय संविधान के जनक के रूप में उन्हें मान्यता प्राप्त है।

डाक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा क्रमशः मुंबई विश्वविद्यालय से प्राप्त की और फिर कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि हासिल की। उल्लेखनीय है कि उनके अध्यापक कृष्णा जी केशव ने गायकवाड़ बड़ौदा महाराज से उनकी विदेश में पढ़ाई के लिए सिफारिश कराई थी और छात्रवृत्ति की व्यवस्था कराई थी। प्रफुल्ल ने यह भी साझा किया कि डाक्टर अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जोकि उनकी उपलब्धियों का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है।

भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर हरिहर प्रसाद पटेल, श्रीमती सरस्वती पटनायक, मीडिया अधिकारी जयशंकर प्रसाद डनसेना, सहित ग्रामवासियों की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के अंत में डाक्टर अंबेडकर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस तरह से गारे गांव में डाक्टर अंबेडकर की जयंती का आयोजन एक प्रेरणादायक घटना रहा।



## Date 16.04.2025

आज दिनांक 16/04/25 को जिला अध्यक्षा श्रीमती पूनम द्विवेदी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बडगांव विकासखंड तमनार में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिला

रायगढ़ के सदस्य श्री धर्मेश सिंह तोमर एवं श्री सुरेश शर्मा द्वारा नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, उपसरपंच , ग्रामवासियों को ऑन लाइन फ्रॉड, बाल शोषण,महिला उत्पीड़न, किसान द्वारा फसल उपयोगिता ,और अन्य मानव अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं जानकारी दिया गया जिसे ग्रामवासियों के द्वारा बहुत ही उत्साह पूर्वक सुना एवं समझा गया।सफल कार्यक्रम के पश्चात सरपंच मैडम श्रीमती गीता राठिया एवं उप सरपंच श्री टिकेश्वर मालाकार जी के द्वारा समस्त ग्रामवासियों के तरफ से धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में जिला सह सचिव श्री विवेक सिंह बेस राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**Date 17.04.2025**



**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्ति पर शुभकामनाएं**

◆ भास्कर दूत (ब्यूरो)
bhaskardoot.com

**जांजगीर।** पिछले 4 वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ में टीम के साथ मानवाधिकार क्षेत्र में बेहतर कार्य प्रदर्शन किया गया इस वर्ष भी उत्कृष्ट कार्यों के कारण आपको राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराधी नियंत्रण ब्यूरो के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ जतिंदरपाल सिंह को पुनः नियुक्त किए जाने पर हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है। आपके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ संगठन ने निरंतर प्रगति की है जो आपके कुशल नेतृत्व, निष्ठा एवं समर्पण का प्रमाण है, बल्कि ब्यूरो के प्रति आपकी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

हाल ही में ब्यूरो ने डिजिटल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्था की वेबसाइट को नवीन प्रारूप में लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से प्रथमद्धआईड्डी कार्ड आपकी जारी करने के साथ ही सदस्यता पहचान पत्र (आईडी कार्ड) नए प्रारूप में जारी किए जाने शुरू कर दिए गए हैं। यह पारदर्शिता और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम है।

आपकी निष्ठा, मेहनत और दूरदर्शिता निश्चित ही छत्तीसगढ़ टीम को और सशक्त बनाएगी। हमें विश्वास है कि आपके नेतृत्व में एनएचआरसीसीबी छत्तीसगढ़ टीम और अधिक संगठित एवं सक्रिय रूप में कार्य करेगा।

आपको एवं समस्त एनएचआरसीसीबी छत्तीसगढ़ टीम को पुनः हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी जाती है। इस अवसर पर डॉ सिंह ने कहा की पुनः हमे यह दायित्व देने के लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद करते है साथ ही छत्तीसगढ़ टीम का धन्यवाद और आभार प्रकट करते है जिनके साथ और सहयोग से यह सम्मान प्राप्त हुआ। अब तक मानवाधिकार की रक्षा हेतु जो कार्य किये गए बेहतर रहे और आगे भी पूरी निष्ठा निष्ठा के साथ हमेशा तत्पर तैयार रहेंगे ।

**Date 19.04.2025**



**Drishti समाचार**

संपादक
बी.एम. पाण्डेय
सह संपादक सुधा जी

हर खबर पर पहली नजर Regno.Br-09-0019470डिजिटलसंस्करण

पटना /बक्सर शनिवार | १९अप्रैल २०२५ |. वर्ष -०१ | अंक-१४| पृष्ठ-०३| हिन्दी दैनिक | मूल्य ०३रु



**संतोष कानु को लगातार तीसरी बार ब्यूरो का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चुने जाने पर लोगों में खुशी की लहर**

**सामाजिक स्तर से कई और संगठनों से भी जुड़े हुए हैं संतोष कानून**

दृष्टि समाचार
दिल्ली :- राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो संपूर्ण भारत में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत है और लोगों को उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने में सहयोग करता आ रहा है। संस्था के माध्यम से हजारों शासकीय कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों एवं पीड़ित परिवारों को न्याय मिल चुका है।राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी श्री प्रभात मिश्रा के समर्थन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रणधीर कुमार ने संतोष कुमार कानु को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव का दायित्व सौंपा है।बताते चलें कि संतोष कुमार कानु लंबे समय से विभिन्न संस्थाओं से जुड़कर महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे हैं। वर्तमान कानु अखिल असम भोजपुरी परिषद के गोलाघाट नगर अध्यक्ष एवं गोलाघाट कानु समाज के सक्रिय सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे है। आज अपने अभिवादन के दौरान कहा कि संस्था ने तीसरी बार मुझे राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के तौर पर जो जिम्मेदारी मेरे कंधों पर दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा, तन्मयता एवं लगन के साथ निर्वहन करूंगा।कानु जी की उपलब्धि पर ब्यूरो के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता ने असमिया फुलाम गामोछे से उनका अभिनंदन किया और प्रदेश महासचिव गुरु प्रसाद वर्मा ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर ब्यूरो के गोलाघाट जिला टीम के अध्यक्ष अम्बरीष शर्मा, सक्रिय सदस्य सरोज कुमार गुप्ता, सक्रिय सदस्य राजीव रविदास, अभिलाष हजारिका, निलुतपल सैकिया, अनित्य सरकार एवं ब्यूरो के वोलेंटियर भी उपस्थित रहे।

**Date 21.04.2025**

**आज दिनांक** 21/4 /2025 **को शाय** 6**बजे से रात्रि** 7*30 **बजे राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अध्यक्षा श्री मती पुनम द्विवेदी जी के मार्गदर्शन में एवं जिला सह सचिव श्री विवेक सिंह बैस राजपूत जी के**



**कुशल नेतृत्व में ग्राम पंचायत भगोरा, विकासखंड रायगढ़ के जिला रायगढ़ में जन जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें महिला अपराध, बाल अपराध, सड़क दुर्घटना, सहारा इंडिया नामक कंपनी में फंसे लोगों को निकलने के उपाय, ऑनलाइन फ्रार्ड, इंसुरेस सेक्टर एवं बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ इत्यादि कई विषयों पर संस्था के कर्मठ सदस्य श्रीमान धर्मेश सिंह तोमर जी के द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई उक्त अभियान को आयोजित करते हुए में वहां की सरपंच श्रीमती आरती गुप्ता जी का विशेषतम योगदान रहा। इस पर गांव वासियों के द्वारा सस्था कि भुरी भूरी प्रशंसा की गई एवं सराहा गया।**

**Date 22.04.2025**



जांजगीर चांपा ( महाकोशल )। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम राज्य सम्मेलन की तैयारी करना शुरू कर दी है। जो कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन का भी रूप ले सकती है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार के साथ नेपाल के मंत्रिमंडल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का भी आगमन होने जा रहा है साथ ही भारत से भी कई वरिष्ठ जन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से समस्त पदाधिकारी सदस्य एवं वॉलिंटियरों का आगमन होगा साथ ही भारत के कई अन्य राज्यों से भी अतिथि शामिल होंगे । इस कार्यक्रम में पूरे साल भर की हुई कार्यों की रूपरेखा की चर्चा के साथ उत्कृष्ट कार्य किए सदस्यों का सम्मान किया जाता है । साथ ही समाज के हित में जो बेहतर कार्य कर रहे हैं और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन किए हैं उन्हें भी अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत भव्य होने जा रहा है और यह कार्यक्रम अगले महीने मई में संपन्न होगा । इस कार्यक्रम में हम टीम के साथ अन्य बाहर जो समाज के स्तर पर

## Date 24.04.2025

**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा जिला रायगढ़ में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम द्विवेदी, जिला सचिव विवेक सिंह, गायत्री ठाकुर, विनोद डनसेना, चेतन देवांगन, धर्मेश सिंह तोमर, सुरेश शर्मा, राधे राणा आदि लगभग** 10-15 **लोग उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम के दौरान नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन छत्तीसगढ़ जिला रायगढ़ के सदस्य भी शामिल हुए, जिनमें सचिन, श्रीमती रेणु घोष, सरस्वती बसंती चौहान और मीडिया प्रभारी पुष्पा चौहान आदि उपस्थित थे। विरोध प्रदर्शन के बाद यह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।**



**इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य आतंकवादी हमले की निंदा करना और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया और शांति एवं सौहार्द का संदेश दिया।**

## Date 25.04.2025

**दिनांक** 22 **अप्रैल**, 2025 **को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला में लगभग** 28 **निर्दोष व्यक्ति शहीद हो गए इसके विरोध में आक्रोश रैली एनएचआरसीसीबी के बैनर तले पत्थलगांव के तीनों मुख्य मार्ग में रैली निकालकर इंदिरा गांधी चौक शहर के बीच में है रैली समाप्त कर तहसीलदार**



महोदय को ज्ञापन सोपा गया। इसमें प्रदेश महासचिव करम दास जी कुर्रे जिला अध्यक्ष सत्यनारायण जी एवं मीडिया प्रभारी संतोषी भारद्वाज के साथ सर्व समाज के व्यक्तियों ने साथ देते हुए समर्थन किया।

## Date 26.04.2025




राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की छत्तीसगढ़ टीम ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक कैंडल मार्च आयोजित किया। यह मार्च गांधी चौक पंडरिया में शाम 7:00 बजे आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कबीरधाम जिला से जिला अध्यक्ष मलाईका सिंह राजपूत और सदस्य वालंटियर उपस्थित रहे। उन्होंने आतंकियों की कड़ी निंदा की और शांति एवं सौहार्द का संदेश दिया।इस कैंडल मार्च का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाना और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करना था। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने शांति और मानवता के समर्थन में अपनी आवाज उठाई।

## Date 27.04.2025



माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार द्वारा आज, ज़िला गिरीडीह में स्थित पवित्रस्थान झारखंडधाम में बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर कुशलता की कामना किया।बाबा भोलेनाथ की कृपा बनी रहे एवं सभी को खुशहाल रखे ।

## Date 27.04.2025



**पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष ,एन एच आर सी सी बी, श्री सिकंदर प्रसाद वर्मा जी के सुपुत्री सुश्री सपना कुमारी जी का शुभ विवाह** 30 **अप्रैल,**2025 **को सुनिश्चित है। इस उपलक्ष्य में आज माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार जी ने सिकंदर प्रसाद वर्मा जी एवं उनके परिवार जनों से मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। वधू सुश्री सपना को नव जीवन हेतु शुभाशीष दिया , ईश्वर से इनके जीवन में खुशहाली की कामना किया।**

## Date 28.04.2025



**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के बिहार के वालेंटियर श्री विकाश कुमार के द्वारा किया गया रक्तदान**

संवाददाता

जमुई : (लखनऊ) राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो बिहार टीम के राज्य – बिहार, जिला – जमुई, प्रखण्ड - सोनो के निवासी वालंटियर श्री विकास कुमार के द्वारा एक यूनिट ब्लड सदर अस्पताल देवघर में डोनेट कर एक मरीज़ का जान बचाकर विकाश कुमार ने मानवता का परिचय दिया है, साथ ही लोगों से अपील भी किया कि हर व्यक्ति को ब्लड डोनेट करना चाहिए, ब्लड डोनेट करने से ब्लड डोनर को किसी भी प्रकार का कोई परेशानी नही होती है, ब्लड डोनेट करने से एक दो महीने में फिर से नया ब्लड शरीर में बन जाता है, और खासकर गरीब मरीजों को किसी भी प्रकार का फजीहत का सामना नही करना पड़ता है, मरीजों के लिए रक्तदाता भगवान से कम नही माना जाता है, गरीब मरीज पैसे के अभाव में ब्लड का व्यवस्था करने में सक्षम नही हो पाते हैं, ऐसे में मरीजों को कभी - कभी अपने जिंदगी से हाथ धोना पड़ जाता है , और अगर आमजन थोड़ा सा भी हिम्मत व दया का भाव दिखा कर रक्तदान कर देते हैं तो किसी का भी जान जाने से बचा सकते हैं, इस सराहनीय कार्य के लिए लोगों ने धन्यवाद दिया, इसीलिए कहा भी गया कि रक्तदान महादान होता है।

रक्तदाता का फाइल फोटो

**जांजगीर चांपा ( महाकोशल )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा प्रति वर्ष राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जाता है ।इस वर्ष भी सम्मेलन की तैयारी और रूपरेखा बनाने एवं इस नए सत्र में ब्यूरो के कार्य को और बेहतर करने हेतु जांजगीर चांपा टीम के पदाधिकारी सदस्य एवं वालंटियर के साथ बैठक हुई और सम्मेलन हेतु रूपरेखा बनाई गई । समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य ने अपने अपने सुझाव व्यक्त किए साथ ही ब्यूरो के नियमों के अंतर्गत मानवाधिकार कि रक्षा हेतु कार्यो के बेहतर प्रदर्शन और राज्य में जिन जिलों एवं ब्लॉक में रिक्त पदों की पूर्ति में ध्यान देने की बात हुई। बैठक मे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जे पी सिंह ने बैठक मे आए समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य को ब्यूरो डायरी और आई डी पट्टा उनके सक्रियता प्रदर्शन हेतु भेंट किए

**Date 30.04.2025**

◆ भास्कर दूत
bhaskardoot.com





**जांजगीर चांपा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा प्रति वर्ष राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी सम्मेलन की तैयारी और रूपरेखा बनाने एवं इस नए सत्र में ब्यूरो के कार्य को और बेहतर करने हेतु जांजगीर चांपा टीम के पदाधिकारी सदस्य एवं वालंटियर के साथ बैठक हुई और सम्मेलन हेतु रूपरेखा बनाई गई । समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य ने अपने अपने सुझाव व्यक्त किए साथ ही ब्यूरो के नियमों के अंतर्गत मानवाधिकार कि रक्षा हेतु कार्यो के बेहतर प्रदर्शन और राज्य में जिन जिलों एवं ब्लॉक में रिक्त पदों की पूर्ति में ध्यान देने की बात हुई। बैठक मे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जे पी सिंह ने बैठक मे आए बेहतर कार्य प्रदर्शन करना है और टीम की एक जुटता ही हमें अपने उद्देश्यों के प्रति कार्य प्रदर्शन में सफल करेगी और हमें टीम के साथ मानवाधिकार के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करते रहने है इस बैठक मे छत्तीसगढ़ टीम से प्रदेश संरक्षक श्री दिलीप साहू डॉ बोधी राम साहू श्री कपिल नाथ साहू प्रदेश सलाहकार श्री अमोलक सिंह संभाग संरक्षक श्री राजेश सोनी श्री महेंद्र सोनी जिला महा सचिव श्री विजय कुमार

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हादसे मारे गए लोगों को एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ टीम द्वारा श्रद्धांजलि



◆ भास्कर दूत (ब्यूरो)
bhaskardoot.com

**जांजगीर चांपा।** हाल ही में हुए कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमलों में शिकार जिन्हें थोड़ा भी अंदाजा नहीं था की क्या हो रहा। कोई अपनी नई दुनिया बसाने जा रहा कोई परिवार के साथ था बेकसूर अनजान उन्हें आतंकवादी ने गोली मार दी जो बहुत शर्मनाक घटना है और पूरा देश इसका विरोध कर रहा निंदा का रहा। कितनों का घर उजाड़ कर रख दिया उन दरिंदों ने। हम हमेशा पढ़ते आए है मजहब नही सिखाता आपस में बैर करना तो ये कौन है कहा से आए जो इस प्रकार की दरिंदगी केवल जाती पूछ कर वार करना दरिंदगी क्यों कर रहे। सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा यहां किसी को आपसी मतभेद नहीं फिर यह कौन है जो आपसी मतभेद के लिए बीज बो रहे। इस सारे वाक्या में वे निर्दोष मारे गए और अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखते छोड़ गए। राष्टीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा कई जिला एवं ब्लॉक स्तर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

# Thank you